दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 176 | छतरपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### - अप्रारंभ कार्यों एवं शून्य प्रगति पर ईई आरईएस को कारण बताओ नोटिस

### -कलेक्टर ने दो ठेकेदारों पर कार्य में धीमी प्रगति पर पेनाल्टी अधिरोपित करने के दिए निर्देश




छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग भवन नौगाँव, म.प्र.भवन विकास निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, म.प्र. सड़क विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने लोक निर्माण विभाग छतरपुर अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की दिसंबर 2024 की स्थिति में प्लान कार्यों एवं मजबूतीकरण कार्यों की समीक्षा की साथ ही भौतिक प्रगति एवं व्यय के कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लोक निर्माण भवन जिसमें 21 प्रगतिरत कार्यों एवं 17 अप्रारंभ कार्यों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति बढ़ाते और समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण भवन के निर्माण कार्यों की बड़ामलहरा कोर्ट निर्माण के संबंध में ठेकेदार के कार्य में धीमी गति होने एवं हाई स्कूल बछरावनी के निर्माण कार्य में कम प्रगति पर नोटिस जारी करते हुए पेनाल्टी अधिरोपित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले के प्रगतिरत सीएम राइज एवं पीएम श्री विद्यालयों के निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूरा करने के लिए कहा। साथ ही सभी सीएम राइज में पानी की क्षमता जिसमें कितनी टंकी रखी है कितनी आवश्यकता है, बिजली लोड जिसमें ट्रांसफार्मर आदि, पहुंचमार्ग की पुष्टि करके रिपोर्ट देने के लिए कहा। कलेक्टर ने सीएससी नौगांव, सीएससी लवकुशनगर एवं सटई, गौरिहार में संयुक्त तहसील, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय आदि के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने एनएचएआई के भूमि अधिग्रहण की स्थिति एवं मुआवजा वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की। छतरपुर के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ईई आरईएस को अप्रारंभ कार्यों और शून्य प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सेतु निर्माण के कार्य एवं जल संसाधन संभाग अंतर्गत वृहद एवं लघु परियोजना की भौतिक प्रगति एवं लक्ष्य की जानकारी लेते हुए समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

## आपतकालीन सेवा वाहन झोपड़ी से टकराता हुआ खाई में गिरा, बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

### घटना से नाराज मृतक के परिजनों ने किया चक्काजाम

छतरपुर। मंगलवार को सागर-कानपुर हाईवे पर गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊजरा के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि 58 वर्षीय सीताराम कुशवाहा बॉर्डर चैक पोस्ट के समीप झोपड़ी बनाकर जल-पान की दुकान संचालित करता था। मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे सीताराम अपनी इसी दुकान में बन सो रहा था, तभी तेज रफ्तार में आ रहा आपातकालीन सेवा वाहन क्रमांक एमपी 16 जीए 1033 अनियंत्रित हो गया और झोपड़ी से टकराते हुए खाई में जा गिरा। वाहन की चपेट में आने से सीताराम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बेटे मुन्नालाल कुशवाहा का कहना है कि घटना के वक्त वाहन का चालक शराब के नशे में धुत्त था, जिस कारण से दुर्घटना हुई है। मुन्नालाल ने डायल-100 को सूचना दी थी, जिसके बाद पुलिस सीताराम को गढ़ीमलहरा अस्पताल लाई। चिकित्सकों ने जांच के बाद मौत की पुष्टि करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया था, जिसकी खबर लगते ही गढ़ीमलहरा थाना का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है और परिजनों को समझाइश देने में लगा हुआ है।



## पिकअप डीजे वाहन में जोरदार भिड़ंत, दो बाईकें भी चपेट में आई, पांच घायल, दो गंभीर

नौगांव। थाना क्षेत्र में बीती रात पिकअप तथा डीजे वाहन में जोरदार भिडंत हो गई और इन वाहनों की चपेट में आने से दो बाइक पर सवार होकर जा रहे लोगों सहित कुल 5 लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है। घायलों में दो की हालत गंभीर है, जिसके चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक नौगांव-छतरपुर मार्ग पर बीटीआई कॉलेज के सामने सोमवार की रात करीब 9 बजे छतरपुर की ओर जा रहे डीजे वाहन की सामने से आ रही पिकअप से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन सड़क किनारे खाई में जा गिरा, जबकि डीजे वाहन सड़क पर ही पलट गया था। इसके साथ ही डीजे वाहन के पीछे बाइक से चल रहे प्रशांत तिवारी और पिकअप के पीछे चल रहे शिवम नामदेव की बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की चपेट में आ गईं, जिससे प्रशांत तिवारी के अलावा शिवम नामदेव, भूपेन्द्र नामदेव और उसकी मां घायल हो गई। बताया गया है कि प्रशांत की बाइक पिकअप में फंस गई थी, जबकि भूपेन्द्र की बाइक पर डीजे वाहन पलट गया था। उक्त भीषण हादसे की खबर लगते ही नौगांव पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव ले जाया गया। बीएमओ डॉ. रविन्द्र पटेल ने डॉ. सौरभ मिश्रा एवं अन्य चिकित्सकों की मदद से घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चूंकि शिवम नामदेव और भूपेन्द्र नामदेव की हालत गंभीर थी, इसलिए उन्हें तुरंत ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर पुलिस ने सभी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर आवागमन शुरु करा दिया है।

## गौरिहार पुलिस द्वारा चोरी का पर्दाफाश

### माल सहित तीन चोर गिरफ्तार

छतरपुर। गत 19 जनवरी को गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम महोई खुर्द निवासी बाबूलाल के घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए थे। चूंकि बाबूलाल अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है, इसलिए उसके भाई संतराम की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की गई थी। पुलिस ने मुखबिर तंत्र से मिली सूचना के आधार पर एक संदेही से पूछताछ की तो उसने अपराध करना स्वीकार कर लिया और दो अन्य लोगों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कही। संदेही से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अजय राजपूत पिता विजय राजपूत, धर्मेंद्र राजपूत पिता छंगा राजपूत और चिक्की उर्फ रामकुमार पिता राजकुमार राजपूत तीनों निवासी ग्राम कितपुरा थाना गौरिहार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके कब्जे से चोरी




हुए सोने-चांदी के आभूषण कीमत करीब 55 हजार और घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल सहित करीब 2 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की गई है।

# खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव मंदिर में भगवान रजनीश ( ओशो ) एवं ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि पर की गई महाआरती

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। मतंगेश्वर सेवा समिति दद्दा जी इंटरनेशनल सेंटर खजुराहो के पंडित सुधीर सुधीर शर्मा ने सहयोगियों एवं ब्रह्म बाबा शक्ति फाउंडेशन के द्वारा भगवान रजनीश (ओशो) एवं ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर महाआरती आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि त्यागी जी महाराज रहे इसमें बड़ी संख्या में देशी विदेशी संत प्रेमियों ने धर्म लाभ अर्जित किया आरती के पश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।



महाआरती में जैन समाज से योगेश जैन, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजकुमार गंगेले, परिवर्तन एनजीओ से पर्यावरण विद् आकांक्षा टिक्कू, योगाचार्य नरेश जी, समाजसेवी अलख राम दुबे, गाइड एसोसिएशन के अवधेश तिवारी, पर्यटक सहायक एसोसिएशन के परशुराम तिवारी, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर फ्रांस के सुरेंद्र गुप्ता, मजदूर संघ के वीरेंद्र सीगोत इटली से आए फेंचेसको तथा उनकी पत्नी जुलिया योग एवं धर्म प्रेमी उपस्थित रहे हिल व्यू विलेज ओशो आश्रम के स्वामी प्रेम चैतन्य जी के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया इसमें बड़ी संख्या में ओशो प्रेमी उपस्थित रहे।

# बड़ामलहरा ब्लॉक से संभाग स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट लिए घुवारा से चार शिक्षकों का हुआ चयन

**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा ।। शिक्षा विभाग से लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल मध्य प्रदेश के माध्यम से ब्लॉक, जिला स्तरीय टीमों का गठन किया जाना था। बड़ामलहरा टीम ने छतरपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। बड़ामलहरा टीम का मुकाबला नौगांव टीम से हुआ जिसमें बड़ामलहरा टीम उपविजेता रही। छतरपुर जिले की ओर से घुवारा नगर के चार शिक्षकों मनोज जैन(उच्च माध्यमिक शिक्षक कन्या घुवारा), राजेश कुमार सेन (उच्च माध्यमिक शिक्षक कन्या घुवारा), असफान अली (प्रयोगशाला शिक्षक कन्या घुवारा) राजकुमार सेन (माध्यमिक शिक्षक बालक घुवारा) का चयन सम्भाग स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन हुआ। चारों शिक्षक छतरपुर जिले की शिक्षा विभाग की टीम की ओर से सम्भाग स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना जौहर दिखाएंगे और अपने विद्यालय, घुवारा नगर, बड़ामलहरा ब्लॉक और छतरपुर जिले का नाम रोशन किया।



छतरपुर जिले ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रनों का लक्ष्य दमोह जिले को दिया। शिक्षक राजकुमार सेन की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत छतरपुर जिले की टीम फाइनल में पहुंची। सम्भाग स्तरीय क्रिकेट टीम में चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी विकासखंड बड़ामलहरा शिक्षा अधिकारी, कन्या संकुल घुवारा प्राचार्य बी एल प्रजापति एवं बालक संकुल घुवारा प्राचार्य के साथ साथ दोनों संकुलों के सभी कर्मचारियों ने शुभकामनाएं देते हुए, बहुत अच्छा प्रदर्शन करने की मंगल कामना की।

# संगठन के सेवा मित्रों के द्वारा अच्छे एवं उपयोगी कपडे दान दिये जाते है, सुजीत क्लॉडियस, जरूरत मंदो को बाटे कपडे

परिहार गर्जना न्यूज। बीना - परमार्थ सेवा संगठन बीना द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम देहरी की आदिवासी बस्ती मे जरुरत मंदो के लिए गर्म एवं सदा उपयोगी कपडे वितरित किये गए, साथ ही साथ जूता चप्पल भी बांटे गए, अध्यक्ष महेश दत्त तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संगठन के सेवा मित्र यहां आदिवासी बस्ती मे ठंड के दिनो मे गर्म एवं सादा कपडे बांटते है,कार्यवाहक अध्यक्ष सुजीत क्लाडियस ने बताया जो संगठन के सेवा मित्रों के द्वारा अच्छे एवं उपयोगी कपडे दान दिये जाते है, कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा ने बताया की परमार्थ सेवा संगठन विगत कई वर्षो से देहरी गांव की आदिवासी बस्ती मे आकर इनके साथ त्यौहार मनाना, कपडे बांटना आदि कार्य करता आ रहा है कपडे वितरण कार्यक्रम मे महेश दत्त तिवारी, आर. के. जैन, प्रहलाद नामदेव, सुजीत क्लाडियस, संदेश सिंह, श्रीमती रेवती ठाकुर, सामंत ठाकुर एवं उमेश शर्मा के साथ साथ बस्ती के लोग उपस्थित थे।



# बक्सवाहा जनपद कार्यालय पर पुलिस का धावा: क्या हैं अवैध गतिविधियों के संकेत?

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। वकस्वाहा, 21 जनवरी ङ्क बक्सवाहा जनपद कार्यालय परिसर में कल रात वकस्वाहा पुलिस ने धावा बोला, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि पुलिस ने बिना किसी कार्रवाई के वापस लौटने का निर्णय लिया। यह घटनाक्रम सवाल खड़ा करता है कि क्या वास्तव में यहां अवैध गतिविधियां हो रही थीं या फिर यह केवल एक साधारण निरीक्षण था।

***पुलिस का दावा: गुप्त सूचना पर की कार्रवाई***

नगर निरीक्षक कृपाल सिंह मार्को ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जनपद कार्यालय में कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। इसके बाद पुलिस ने रात करीब 8:30 बजे कार्यालय पर दबिश दी, लेकिन वहां कोई अवैध गतिविधि नहीं पाई गई। इसके बाद पुलिस बिना किसी कार्रवाई के लौट गई।

***सीईओ और जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि की चुप्पी***

जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) भागीरथ तिवारी ने इस घटनाक्रम पर कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा, 卐हमारे कर्मचारियों ने सूचना दी कि पुलिस यहां आई थी, लेकिन इसके उद्देश्य के बारे में कोई जानकारी नहीं है।卐 इसी प्रकार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोती यादव ने भी पुलिस के दौरे के बारे में बताया, लेकिन उन्होंने इसके उद्देश्य पर कोई स्पष्टता नहीं दी।

***क्या वकस्वाहा में अवैध गतिविधियां चल रही हैं?***

पुलिस की यह कार्रवाई यह सवाल खड़ा करती है कि क्या वाकई बक्सवाहा जनपद कार्यालय परिसर में कोई अवैध गतिविधियां हो रही थीं? अगर हां, तो अब तक अधिकारियों ने इस पर कोई कदम क्यों नहीं उठाया? और यदि नहीं, तो पुलिस ने बिना सूचना के इस प्रकार की कार्रवाई क्यों की? यह घटना स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाती है।

***वकस्वाहा में बढ़ रही अवैध गतिविधियों की आशंका***

वकस्वाहा नगर में अवैध कार्यों जैसे सट्टा, गांजा, और शराब की तस्करी की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। यह सवाल भी उठता है कि पुलिस का ध्यान इन गतिविधियों पर क्यों नहीं है, जबकि एक सरकारी कार्यालय तक पुलिस आसानी से पहुंच सकती है। यह स्थिति जनपद के नागरिकों के बीच निराशा का कारण बन रही है, जो इस बात को लेकर चिंतित हैं कि क्या स्थानीय प्रशासन और पुलिस इन अवैध कार्यों को रोकने में सक्षम हैं।

***आखिर कब तक होगी कार्रवाई?***

यह घटना यह संकेत देती है कि पुलिस का ध्यान जनपद कार्यालय तक तो पहुंच सकता है, लेकिन वकस्वाहा में हो रही अन्य अवैध गतिविधियों पर पुलिस की नजर नहीं है। अब यह देखना होगा कि पुलिस कब तक इन अवैध कार्यों में लिप्त लोगों को पकड़ती है और उचित कार्रवाई करती है।

***वकस्वाहा में डोर टू डोर अवैध कारोबार***

वकस्वाहा में अवैध कारोबार की स्थिति यह हो चुकी है कि सट्टा और गांजा जैसे कार्य डोर टू डोर उपलब्ध हैं, जबकि सामान्य वस्तुएं लोगों तक नहीं पहुंच पातीं। यह स्थिति प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर गहरे सवाल खड़े करती है।

अब देखना यह है कि क्या वकस्वाहा में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए प्रशासन और पुलिस कोई ठोस कदम उठाएंगे, या यह समस्या और गंभीर होती जाएगी।

# जनपद अंतर्गत आवास + योजना में बरतें पारदर्शिता - श्री राजावत

## गौरिहार जनपद सीईओ ने बैठक में सचिवों व सहायक सचिवों को किया निर्देशित

**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। बीते रोज स्थानीय जनपद सभा कक्ष मे आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जनपद सीईओ गोविन्द सिंह राजावत ने मौजूदा समस्त पंचायतों जे सचिवों व सहायक सचिवों को आवास प्लस योजना मे पारदर्शिता बरतने के लिए निर्देश दिए। श्री राजावत ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2024 से 2019 की अवधि के लिए आवास प्लस की अपडेट सूची तैयार की जाना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास रात ऐसे परिवार जिनके नाम आवास योजना की स्थाई प्रतीक्षा सूची में शामिल नहीं है,ऐसे परिवारों के नाम जोड़ने के लिए आवास प्लस सर्व 2024 प्रारंभ हो गया है प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2024 सर्वे अंतर्गत 31 मार्च 2025 तक आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है, इस कर के लिए जिले की सभी 559 पंचायत सहित जनपद की समस्त 73 पंचायत में सर्व नियुक्त किए गए हैं।श्री राजावत ने बताया कि इस योजना के तहत अभीहाल ग्रामीन क्षेत्रों मे मकान बनाने के लिए करीब एक लाख बयालिस हजार रुपए की शासन द्वारा मदद की जाती है।







***आवेदक स्वयं के मोबाईल से भी कर सकते हैं पंजीयन***

जनपद में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर रामपाल प्रजापति ने बताया कि आवेदक अपनी ग्राम पंचायत में जाकर संबंधित सचिव व ग्राम रोजगार सहायक के माध्यम से अपना नाम आवास प्लस 2024 की प्राथमिकता सूची में जुड़वा सकता है। श्री प्रजापति ने बताया कि इसके अलावा आवेदक अपना नाम स्वयं के मोबाइल से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की वेबसाइट पर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना का ऐप डाउनलोड कर मोबाइल से सर्वे में अपना आधार नंबर दर्ज करते हुए फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से नाम आवास प्लस में जोड़ सकता है।

***इस योजना का ये लोग नहीं ले सकते लाभ***

प्रधानमंत्री आवास योजना के बीसी नदीम खान ने बताया कि योजना के तहत कुल 10 तरह के परिवारों को प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के लिए अपात्र घोषित किया गया है इस योजना में ऐसे परिवारों को लाभान्वित नहीं किया जाएगा,जिनके पास तीन या चार पहिया मोटराइज्ड वाहन अथवा मेकेनाइज्ड् कृषि यंत्र या किसान क्रेडिट कार्ड 50 हजार रुपए से अधिक क्षमता का हो। इसके साथ ही जिन परिवारों का कोई सदस्य शासकीय सेवा में हो,उन्हें भी इस योजना के लिए अपात्र माना गया है। ऐसे परिवार जिनके गैर कृषि प्रतिष्ठान शासकीय योजनाओं के तहत पंजीबद्ध हों या परिवार के किसी सदस्य की 15 हजार रुपए से अधिक मासिक आय हो या इनकम टैक्स या प्रोफेशनल टैक्स का भुगतान करने वाले हों या जिनकी ढाई एकड़ से अधिक सिंचित भूमि हो या 5 एकड़ से अधिक असंचित भूमि हो यह भी योजना मे अपात्र होंगे।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की स्वागत रैली आज मोती नगर से शुरू होगी भगवानगंज में होगी विशाल आभार सभा

## स्वागत रैली के लिए शहर में जोरदार तैयारियां जगह जगह होगा भव्य स्वागत





परिहार गर्जना न्यूज। सागर ! भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के स्वागत मैं लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वागत रैली एवं आभार सभा का आयोजन आज 22 जनवरी को किया गया है !

स्वागत रैली सह प्रभारी जगन्नाथ गुरैया ने बताया की स्वागत रैली दोपहर 01 बजे मोतिनगर चौराहा से प्रारम्भ होगी जो बड़ा बाजार,कोतवाली,तीन बत्ती,कटरा राधा तिराहा होते हुए भगवानगंज चौराहा पहुँचेगी जहां विशाल आभार सभा का आयोजन किया जाएगा !स्वागत रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं मे उत्साह व्याप्त है जिसके चलते शहर मे जोरों शोर से तैयारियां जारी है !

कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अनिल तिवारी ने बताया की स्वागत रैली एवं आभार सभा में कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े विधायक गोपाल भार्गव,भूपेंद्र सिंह,शैलेंद्र जैन,इंजी प्रदीप लारिया,वीरेंद्र सिंह,बृजबिहारी पटैरिया,निर्मला सप्रे, महापौर संगीता तिवारी,जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत,प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल पटेल एवं रजनीश अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष सागर ग्रामीण रानी कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, पूर्व सांसद,विधायक,पूर्व पदाधिकारी वरिष्ठ जन सहित समस्त पदाधिकारी,कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में आम जनता शामिल होंगे !

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन बताया कि स्वागत रैली एवं आभार सभा के पार्टी पदाधिकारियों ने आभार सभा स्थल एवं स्वागत रैली मार्ग का निरीक्षण तैयारियों का जायजा लिया एवं तैयारियों संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, जगन्नाथ गुरिया,रीतेश मिश्रा,विक्रम सोनी,मनीष चौबे, अमित बैसाखिया सचिन घोषि, राजकमल केसरवानी,यश अग्रवाल,निखिल अहिरवार,रामू अहिरवार,अभिषेक अग्रवाल,सुमित यादव अंशुल परिहार,अभिमन्यु सोनी प्रासुख जैन विकास संधियाँ नितिन सोनी उपस्थित रहे।

# पार्षद प्रतिनिधि ने पत्रकार को दी धमकी

## थाना मोती नगर में पत्रकारों ने ज्ञापन सौंपा

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर में एक दैनिक समाचार के पत्रकार को जनहित से जुड़े मुद्दे पर वार्डवासियो को होने वाली समस्या पर वल्लभनगर वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि का ध्यान केंद्रित कराते हुए फोन पर बात करना पार्षद प्रतिनिधि को इस कदर नागवार गुजरा कि उन्होंने पत्रकार को अपनी दंबगता दिखाई। पहले तो फोन पर डराया - धमकाया अप शब्दों का प्रयोग किया और फिर उनके घर पर अपनी पार्षद पत्नी एवं बच्चों के साथ मारपीट करने के इरादे के साथ पहुंचे। जहां पत्रकार को और उनके परिवार जनों को डराया धमकाया व अनुसूचित जाति जनजाति निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने तक की धमकी दी डाली। इस दौरान वार्ड की काफी लोग एकत्रित हो गए जहां भीड़ ने मामले को रफा दफा करवाने के लिए पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि एवं उनके गुर्गों को वहां से चलता किया। जहाँ पूरे मामले मे पीड़ित पत्रकार साथी के साथ हुए दुर्व्यवहार पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथियों में खासा रोष देखा जा रहा है, और उन्होंने मामले में मोतीनगर थाना प्रभारी को एक आवेदन सौंप पीडित पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार करने वाले भाजपा पार्षद प्रतिनिधि और पार्षद के पति नरेश धानक के खिलाफ करवाई की मांग उठाई है । और स्पष्ट चेतावनी दी। मामले में पुलिस प्रशासन यदि उचित करवाई नहीं करता है तो पत्रकार संघ के बैनर तलै आगे आंदोलन स्वरुप लडाई लड़ी जा?गी। पत्रकारों के साथ आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।




इसको लेकर भी पत्रकारों में रोष देखा जा रहा है। जहाँ जनहित के मुद्दों पर जनप्रतिनिधि जिम्मेदार नुमाइंदों को आईना दिखाना अब सबसे बड़ा अपराध साबित हो रहा है। पीडित पत्रकार राजेश पाराशर की माने तो उन्होंने तो एक समस्या जिससे लोगों को असुविधा हो रही है, उस पर नरेश धानक जो की पार्षद प्रतिनिधि हैं, पूर्व में भी स्वयं भी भाजपा से पार्षद रह चुके हैं। वर्तमान में इनकी पत्नी श्रीमती रश्मि नरेश धानक वल्लभनगर वार्ड से भाजपा से पार्षद हैं, उन तक अपनी बात पहुँचाकर उसका समाधान हो, कोशिश की थी। जिस पर वह भड़क गये ओर उलटा सीधा सुना उन्हें गाली गलौच कर अपमानित किया। साथ ही जातिगत भेदभाव के झूठे मामले मे फंसा देने की धमकी भी दी है। जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी है। जहां उनके द्वारा धमकी दी गई कि आपके साथ कोई भी अप्रिय घटना की जा सकती है। पत्रकार राजेश पाराशर के परिवार के लोग भी दहशत में है। इसके लिए पुलिस प्रशासन को शिकायत दर्ज कराते हुए उचित करवाई हो मांग रख न्याय मांग की है।

# नगर निगम सागर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में 99.96 अंक प्राप्त कर ए-ग्रेड के साथ मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

सागर। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर निगम सागर को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक शत-प्रतिशत निराकरण करने पर पूरे प्रदेश की 16 नगर निगमों में 99.96 अंक प्राप्त कर ए- ग्रेड के साथ ही मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 1 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक की अवधि में प्रदेश के सभी 16 नगर निगमों की शिकायत निवारण प्रक्रिया का आकलन किया गया। इस आकलन में सागर नगर निगम ने 99.96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।



***निगमायुक्त द्वारा शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग से मिली सफलता-***

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग कर संबंधित विभागों को समय सीमा में शिकायतों का संतोषजनक समाधान करने के निर्देश दिए गए तथा उनके कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि सागर नगर निगम ने पहली बार प्रदेश में अपनी पहचान को और अधिक मजबूत करते हुए नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करते हुए प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन का उदाहरण पेश किया।

नगर निगम सागर को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण करने हेतु किए गए उत्कृष्ट कार्य करने पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त सहसचिव भरत यादव ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री को प्रशंसा पत्र भेजकर किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने की आशा व्यक्त की है।

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने इस उपलब्धि के प्राप्त होने पर नगर निगम के अधिकारियों, इंजीनियर व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कार्य करने वाले सभी अधिकारियों,कर्मचारियों को बधाई दी है।

# बीना पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता की अर्जित

## बीना में युवक के हाथ-पैर तोड़ने 40 हजार लिए थे, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना पुलिस को मिली एक बड़ी सफलता कई अपराधी के मामलों में फरार एवं हत्या का प्रयास करने वाले अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल पुलिस अधीक्षक सागर विकास सहवाल के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बी ना डॉ संजीव उईके अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीना नितेश पटेल एवं थाना प्रभारी अनूप यादव के नेतृत्व में गंभीर अपराध में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो फरार आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार किया है। पांच महीने पहले आचवल वार्ड निवासी आशीष गुरू (35) पर तलवार से जानलेवा हमला किया गया था। पुलिस ने सोमवार रात करीब 8-30 बजे मामले का खुलासा किया है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि, 10 अगस्त 2024 को हुए इस हमले में तीन आरोपी शामिल थे।




इनमें से सुरेन्द्र उर्फ मोनू दुबे को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। अब भोपाल से पकड़े गए दो अन्य आरोपी साहिल खान (24) और अनस खान (27) हैं। साहिल सिंधी कॉलोनी बीना का रहने वाला है, जबकि अनस भोपाल के शाहजहानाबाद क्षेत्र का निवासी है।

***आरोपियों को 40 हजार में दी गई थी सुपारी***

जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि मोनू ने दोनों आरोपियों को 40 हजार रुपए में आशीष के हाथ-पैर तोड़ने की सुपारी दी थी। हमले का कारण निजी रंजिश थी। मोनू के अनुसार, आशीष ने उसके चरित्र के बारे में कुछ कहा था, जिसके कारण उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन तलवारें और एक बाइक बरामद की है। साहिल भोपाल की गैस राहत कॉलोनी में किराए के कमरे में रहता था, जहां उसकी मां और बहन भी रहती हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

***दोनों आरोपियों पर 19-19 मामले हैं दर्ज***

मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी अनस पर भोपाल में 19 और साहिल पर 7 भोपाल, 12 मामले बीना में दर्ज हैं। शाहजहानाबाद में अनस निगरानी शुदा बदमाश है। दोनों पर हत्या का प्रयास, अपहरण जैसे मामले दर्ज हैं। दोनों फिरौती, गुंडा टैक्स वसूल करते थे। बीना में भी कई लोगों से गुंडा टैक्स वसूला है। साथ ही विवादित प्लाट, मकान खाली कराने कराने के लिए रुपए लेते थे। कार्रवाई एसआई लखनलाल राज, कविता द्विवेदी, शैलेन्द्र सिंह, प्रधान अरक्षक गौतम भट्ट, आरक्षक भूपेन्द्र सोलंकी, दीपसिंह, अजय मालवीय, जितेन्द्र चंद्रवंशी, महिला आरक्षक आराधना शामिल रहे।

# भाजपा कार्यालय पहुंचकर नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने किया पदभार ग्रहण- जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत, दुल्हन की तरह सजा शहर

## हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य में जुटेंगे-सरोज राजपूत

सौरभ खरे




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। आज टीकमगढ़ नगर भाजपा कार्यालय में पहुंचकर नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने पदभार ग्रहण किया। बताया गया है कि नव निर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत सुबह ट्रेन द्वारा ललितपुर पहुंची, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पहुंचकर उनका स्वागत किया गया। जगह-जगह बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं एवं युवा कार्यकर्ताओं ने श्रीमती राजपूत का स्वागत किया। श्रीमती राजपूत के स्वागत में जगह-जगह पोस्टर-बैनर लगाए गए। शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। बताया गया है कि उन्होंने खिरिया नाका होते हुए कुंडेश्वर, ताल दरवाजा, स्टेट बैंक, कटरा बाजार, इंजी अभय यादव के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सिंधी धर्मशाला पर स्वागत से होकर नगर भाजपा कार्यालय पहुंची। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं, समाज व आम जनमानस ने फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। सरोज राजपूत ने नगर भाजपा कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया व सभी कार्यकर्ताओं का आभार धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रीति शर्मा, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी सहित सभी जिला पदाधिकारीएसभी 16 मंडल अध्यक्ष, सभी सातों मोर्चों व प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संयोजक, मातृशक्ति व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिनेंद्र धुवारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता मेहनती है, यहां निश्चित ही हमेशा संघर्ष को सफलता मिलती है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अभय प्रताप सिंह यादव ने कहा भाजपा कार्यकर्ता देवतुल्य हैं, जो दिन-रात मेहनत करके संगठन को मजबूत करता है और पार्टी की जीत सुनिश्चित करता है। पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी ने कहा कि संगठन की मजबूती में कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, एक मजबूत सरकार के लिए बनाने में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की है। जतारा विधायक श्री खटीक ने कहा कि उन्होंने बहुत पहले एक कार्यकर्ता के रूप में शुरुआत की और हार-जीत का क्रम चलता रहा, पर निरंतर मेहनत, पार्टी के प्रति समर्पण, कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई और सब के आशीर्वाद से किसी न किसी रूप में हम सब कार्य कर रहे हैं व सम्मान के पात्र है, इसलिए कार्यकर्ता हताश न हो, पार्टी हमेशा उनकी है और उनका ध्यान रखेगी। आखिर में भाजपा के निर्वतमान भाजपा अध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने हमेशा उनके साथ दिया। उनके कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी में समर्पित भाव से कार्य किया। इसके लिए सभी का धन्यवाद तथा नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत को बहुत-बहुत शुभकामनाएं, उनके नेतृत्व में पार्टी निश्चित ही जिले में नई ऊंचाइयों को छूएगी। पदभार ग्रहण करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा में उन्होंने छोटे से कार्यकर्ता के रूप में कार्य शुरू किया। जिसके बात अलग-अलग जिम्मेदारी उन्हें मिलती रही, जिसका उन्होंने पूरी लगन मेहनत के साथ कार्य किया। आज पार्टी और कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान देखकर खुशी से बहुत अभिभूत हूं। हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और किसी को निराश होने की जरूरत नहीं, सभी को सम्मान के साथ रखा जाएगा। कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सम्मान के लिए हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# हमने एक ईमानदार और दिलेर पत्रकार खो दिया-श्रीपाल नायक

## पत्रकार विष्णु दयाल श्रीवास्तव को किया याद



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पत्रकारों के दु:ख दर्द में हमेशा साथ खड़ा रहना और उनकी हरसंभव मदद करना विष्णु भाई का स्वभाव रहा है। उन्होंने हमेशा सत्य का साथ दिया। पत्रकारों के साथ होने वाली घटनाओं का उन्होंने डटकर मुकाबला किया। उनके निधन से सभी को गहरा आघात लगा है। उनके निधन से पत्रकारों के बीच जो रिक्तता आई है, उसे भर पाना संभव नहीं है। यह विचार वरिष्ठ पत्रकार श्रीपाल नायक ने विष्णु दयाल श्रीवास्तव के निधन पर अयोजित शोक सभा के दौरान व्यक्त किए। बताया गया है कि स्थानीय नजरबाग परिसर में पत्रकार विष्णु दयाल श्रीवास्तव को श्रद्धा सुमन अर्पित करने एक शोक सभा आयोजित की गई। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप खरे की अध्यक्षता में आयोजित सभा के दौरान सभी पत्रकारों ने पत्रकार बिष्णु दयाल श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। पत्रकार प्रदीप खरे ने कहा कि बिष्णु दयाल श्रीवास्तव उनके परिवार का हिस्सा रहे। बचपन से ही वह उनके लाड़ले रहे। राजनीति से लेकर पत्रकारिता तक का सफर उनके सानिध्य में गुजरा। वह सत्य के लिए संघर्ष करने वाले थे। निडर और निर्भीक पत्रकारिता के पर्याय रहे। युवा पत्रकारों को हमेशा उन्होंने मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही उनमें कमाल की नेतृत्व क्षमता रही। इस अवसर पर पत्रकार अकरम खान, मेहबूब खान, जमील खान, गिरीश खरे, अवधेश वर्मा, हरिश्चंद्र यादव, अखंड प्रताप यादव, सोनू विश्वकर्मा, लोकेन्द्र सिंह, समीर खान, परशुराम प्रभाकर, विकास राय, अफसर खान, राकेश सोनी, बालचंद शुक्ला, शेख हनीफ, दुर्गासिंह घोष, मोहसिन, राजेन्द्र श्रीवास्तव, सुधीर जैन, नरेन्द्र सिंह, गोबिंद विश्वकर्मा, शालिम, सत्तार बाबा, गंदर्भ सिंह, प्रमोद झा, राजेश यादव, सुधीर पटैरिया, मनोज सिंह, मनोज खरे सहित अनेक पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने बिष्णु दयाल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान पत्रकारों ने श्री श्रीवास्तव की शान-ए-पार्क में प्रतिमा लगाए जाने की मांग की। जिसका एक स्वर से सभी ने समर्थन किया। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात सभी ने पत्रकार स्वर्गीय बिष्णु दयाल के निवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। शोक संतृप्त परिवार को धीरज बंधाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जंप संगठन के जिलाध्यक्ष अभय मार्य ने पत्रकार बिष्णु दयाल के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया और उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाकर बिष्णु जी के सपनों को साकार करने का भरोसा दिलाया।

# सरोज राजपूत के जिला अध्यक्ष बनने से भाजपा नई ऊंचाइयों को छुएगी- राजेन्द्र तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। बीजेपी कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। संगठन की कमान जिले में पहली बार नारी शक्ति के हाथों में आई है। श्रीमती सरोज राजपूत जी एक शिक्षित और सक्रिय नेत्री है। उनमें नेतृत्व की अपार क्षमता है। उनके नेतृत्व में पार्टी निश्चित ही नई ऊंचाईयों को छुएगी। यह बात बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी ने कही। भाजपा की नवयुक्त जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत के जिला अध्यक्ष बनने के उपरांत प्रथम नगर आगमन पर ताल दरवाजा स्थित भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी के निवास पर युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉक्टर राहुल तिवारी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। श्री तिवारी ने श्रीमती राजपूत का आत्मीय स्वागत करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी। युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी ने बताया कि सरोज राजपूत के जिला अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं को सम्मान मिला है एवं कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस मौके पर श्रीराम यादव, रोमोले यादव, इम्तियाज़ खान, राघवेंद्र बुंदेला, अशोक यादव, बृजनंदन रावत, राजू महाराज, प्रकाश कंकोरिया, जमुना तिवारी, अशोक कुशवाहा, हरि यादव, रूप सिंह यादव, महेश यादव, कल्लू यादव, शंकर सिंह आनंद, विपिन सोनी, पप्पू बरेली, हरदीप सिंह यादव पप्पू, इस्माइल खान बब्लू, आकाश, कमलेश यादव, चतुर यादव, देशराज यादव, अनमोल, अशोक यादव, मनसा जी, गोलू, नंद किशोर कुशवाहा, गोलू परिहार, बलराम यादव, भागचंद पाल, अरुण तिवारी, गोलू अग्निहोत्री, भज्जू लोधी शामिल रहे।



# जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों के त्वरित निराकरण के दिये निर्देश, जनसुनवाई में 73 आवेदनों पर हुई सुनवाई

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर में अपर कलेक्टर पीएस चौहान तथा डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर ने संबंधित अधिकारियों के साथ आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




*जनसुनवाई में 73 आवेदनों पर हुई सुनवाई*

जनसुनवाई में आज आमजन से प्राप्त 73 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।

# नगर पालिका की मनमानी जारी

## अवैध अतिक्रमण के नाम पर तोड़े जा रहे प्रधानमंत्री आवास




ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना नगर पालिका द्वारा मनमाने ढंग से अतिक्रमण कार्यवाही की जा रही है, जिसमें किसी भी प्रकार के नियम कानून का पालन नहीं किया जा रहा है, पहले लोगो को प्रधानमंत्री आवास के लिए ढाई लाख की राशि दी जाती है, बाद में उसी आवास को जेसीबी के माध्यम से तोड़ दिया जाता है। जिससे शासन की राशि का दुरपयोग हो रहा है, तथा आम गरीबो को प्रधानमंत्री द्वारा दिये जा रहें आवासो के नाम पर छल किया जा रहा है, इसी प्रकार का मामला डायमंड चौक स्थित मोहन पुरवा ग्राम पंचायत कार्यालय के भवन के बगल का सामने आया है, जहां पर विगत दिवस नगर पालिका द्वारा चार गरीब लोगो के आवास तोड़ दिये गये, जिसमें एक धन्नू रैकवार, का आवास भी तोड़ा गया जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाया गया था, तथा ढाई लाख रूपये की राशि नगर पालिका द्वारा दी गई थी, बताया जाता है कि उक्त सभी आवास इस लिए तोड़े गये क्योकि वहां से रास्ता बड़ी रास्ता बनाई जा रही है, उक्त रास्ता सीसी सड़क तथा नाली सहित बनाने की योजना है, क्योकि आंगे नगर पालिका अध्यक्ष के पति द्वारा प्लाटिंग करके कालोनी विक्रय की गई है, इसी परिपेक्ष को लेकर गरीबो के आवासो को तोड़ा गया है, जबकी उक्त लोग विगत पचास वर्ष से निवासरत है, उक्त कार्यवाही के दौरान केवल नगर पालिका का अमला ही शामिल रहा, राजस्व तथा पुलिस अधिकारी भी शामिल नहीं किये गये थे, क्योक कालोनी के लिए रास्ता बनाने के नाम पर अतिक्रमण मनमाने ढंग से हटाया जा रहा था। इस दौरान जिन लोगो के मकान गिराये गये उनके द्वारा पत्थर बाजी भी की गई थी, जिसमें जेसीबी आपरेटर को भी चोटे आई थी। जिसको लेकर नगर पालिका का अमला कोतवाली मामला दर्ज कराने पंहुचा था तथा पत्थर मारने वालो पर मामला भी दर्ज किया गया। उस दौरान कोतवाली में नगर पालिका अध्यक्ष के पति विष्णु पान्डेय तथा भाजपा नेता सतानन्द गौतम के बीच विवाद भी हुआ था, लेकिन एक ही पार्टी होने के कारण मामले को तूल नही दिया गया। क्योकि भरत गुप्ता जिसका मकान गिराया गया वह भाजपा युवा मोर्चा से जुड़ा हुआ है, जिसको लेकर सतानन्द गौतम द्वारा उसका पक्ष लिया गया है तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जमकर खरी खोटी सुनाई थी। इसके पूर्व ही नगर पालिका द्वारा पुराना पन्ना बाई पास रोड़ वार्ड क्रमांक 26 में जितन गुप्ता का प्रधानमंत्री आवास अतिक्रमण के नाम पर गिराया गया था। जिसके संबंध में संबंधित द्वारा तहसीलदार, पटवारी तथा नगर पालिका पर सवाल खड़े किये थें। आखिर नगर पालिका द्वारा इस प्रकार से आवासो का आवंटन क्यो किया जाता है, बताया जाता है कि आवास आर्वटित करते समय ही कमीशनवाजी का खेल चलता है तथा मनमाने ढंग से आवास जारी कर दिया जाता है।

# दो बैलो के बीच में आधा घंटे चली लड़ाई, लगा रहा जाम


## नगर मे घूम रहे आवारा पशुओं से आम लोग परेशान

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/सरकार द्वारा आवारा पशुओ की धमा चौकड़ी रोकने के लिए शहरो से लेकर गांव तक गौ शालाए बनाई गई है, लेकिन उक्त गौ शालाओं में पशु दिखाई नहीं दे रहे, जबकी पशुओ के नाम पर प्रत्येक माह लाखो का बजट जिम्मेवार निकाल रहें है। आवारा पशुओ से आये दिन सड़क दुर्घटनाए हो रही है, उक्त दुर्घटनाओं मे आम लोगो के साथ पशुओ की भी मौते हो रहीं है। कलेक्टर द्वारा सभी नगर पालिका अधिकारियों, तथा ग्राम पंचायत के सचिवो को आवारा पशुओ की धमा चौकड़ी रोकने एवं उन्हे गौ शालाओ मे भेजने की जिम्मेवारी दी गई है। लेकिन सरकार तथा कलेक्टर के आदेश को कोई पालन नहीं कर रहा है। पन्ना नगर पालिका जिला मुख्यालय में चौराहे चौराहे पर तथा गलियों में पशुओ की धमा चौकड़ी देखी जा रही है, आये दिन बैलो तथा मवेशियों के बीच लड़ाई होती है, जिससे दुर्घटनाए घटित होती है। इसी प्रकार गत दिवस आरपी उत्क्रष्ट विद्यालय तथा कलेक्टर कार्यालय के बीचोबीच सड़क पर दो आवारा साड़ आधा घंटा तक लड़ाई करते रहें, जिससे जाम लगा रहा।



# ठेकेदार द्वारा लाखों की सीसी सड़क बनाई गई घटिया

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/नगरपरिषद अजयगढ़ द्वारा वार्ड नंबर 10 में कछीयाना मोहल्ला से लेकर अंबेडकर भवन तक ठेकेदार के माध्यम से सीसी सड़क का चौड़ीकरण निर्माण कार्य कराया गया था। जिसमें ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराया गया था एवं पूर्व से बनी सीसी सड़क के दोनों तरफ 8 इंच थिकनिस होना थी जहां ठेकेदार द्वारा 4 इंच थिकनिस कर निर्माण कार्य को पूरा किया गया और वहीं सड़क में घटिया निर्माण कार्य कराया गया जिससे सीसी सड़क एक माह के अंदर ही उखड़ने लगी है। जिसकी शिकायत स्थानीय निवासी आशीष यादव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अजयगढ़ से पूर्व में की गई थी जिसमें आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसको लेकर तहसील कार्यालय अजयगढ़ में जनसुनवाई में फिर से आवेदन देकर पुन: जांच कराए जाने की मांग की गई और नगर परिषद के अलावा दूसरे विभाग के माध्यम से जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।



# नारी घर को स्वर्ग बनाती है इस लिए उसका सम्मान सभी को करना चाहीए

## कर्म का फल सभी को मिलता है, जो जैसा कर्म करेगा, वैसा ही फल प्राप्त होगाः-प्रभा शंकर जी महरज



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/स्थानीय भोलेनाथ मंदिर अस्पताल प्रांगण मे राम कथा के दौरान कथा वाचक प्रभा शंकर शास्त्री जी महराज ने भगवान राम से संबंधित कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब भगवान राम चित्रकूट में प्रवास कर रहे थे, तो उन्होने लक्ष्मण जी को अनेक कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य माया, मोह में भटक रहा है, जिसके पास योग्यता है, उसके पीछे लक्ष्मी माया भटकती है तथा जो गरीब है वह माया के पीछे दौड़ता है, इस लिए सभी को शिक्षा एवं विद्या अध्ययन करना चाहीए, क्योकि शिक्षा से सारे गुणो की रचना होती है, शिक्षा ग्रहण करना बहुत जरूरी है, विद्या के बिना संसार में कुछ नहीं है, संतान को अच्छी शिक्षा अवश्य दिलाये क्योकि शिक्षा के द्वारा संतान आंगे बढ़ती है, संतान को लायक बनाओ, संसार में मनुष्य शिक्षाके द्वारा ही आगे बढ सकता है, उन्होने आगे कहा कि धार्मिक कार्य करने पर लालच नष्ट होती है, भक्ति के सरल मार्ग को पकड़ना चाहीए, उक्त भक्ति सरल ढंग से ब्राम्हण तथा संतो के आशिर्वाद से प्राप्त होती है, कोई भी कार्य ईमानदारी से करोगें तो सफलता निश्चित मिलती है, क्योकि इस संसार मे कर्म ही पूजा है, इसके पश्चात् उन्होने सूर्पणखा, राम लक्ष्मण संवाद सहित अनेक संवादो का वर्णन बड़े ही मार्मिक ढंग से किया, आंगे उन्होने कहा कि नारी घर को स्वर्ग बनाती है, इस लिए नारी का सम्मान करना चाहीए। नारी, बहु, बेटी, बहन अलग अलग रिस्तो मे होती है, नारी भक्ति, शक्ति सभी प्रकार से पूज्य है, जो भगवान पर विश्वास करता है, उसके सभी संकट दूर हो जाते है, तथा न्याय के रास्ते पर ही कल्याण होता, है अन्याय के द्वारा कुछ दिन मानसिक शांति मिल सकती है, लेकिन अन्याय से किया गया कार्य ज्यादा दिन तक नहीं चल सकता। मनुष्य के सद् कर्म ही अच्छा बनाते है, इस लिए हमेशा सद्कर्म करने का प्रयास करना चाहिए, उन्होने सीता हरण, सहित अनेक वृतातों को अच्छे ढंग से वर्णन किया।

# कंबल भेंट कर युवाओं ने किया बुजुर्गो का सम्मान

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/क्षेत्रीय युवाओं के द्वारा युवा शक्ति मदद के हाथ संगठन के माध्यम से बुजुर्गों के मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 जनवरी 2025 को अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम रमजूपुर में कार्यक्रम आयोजित कर बुजुर्गों को कम्बल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों को के चेहरे पर खुशी देखी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामपाल सिंह राजपूत और विशिष्ट अतिथि नायगांव सरपंच कौशल किशोर लोध सहित धर्मेंद्र सिंह राजपूत, विपुल सिंह, सतीश सिंह, विनय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह, विपिन सिंह, संजय सिंह, रक्षपाल सिंह, सुनील भुर्जी, सचिन सिंह, हरी सिंह, अरविंद सिंह, बच्चू राम, तुलसीदास, राजा सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन शुभम सिंह राजपूत द्वारा की गई। युवा संगठन द्वारा किए जा रहे इस नेक एवं परोपकार के कार्य की जिले भर में सराहना हो रही है।



# ग्राम पंचायत दिया मे मनाया गया आनन्द उत्सव

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/आनन्दम विभाग द्वारा प्रदेश भर में आननंद उत्सव कार्यक्रम मनाये जा रहें है, इसी के तहत पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया में तीन ग्राम पंचायतो के संयुक्त तत्वाधान में आनन्द उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त उत्सव में ग्राम पंचायत उमरी ग्राम पंचायत सिलधरा और ग्राम पंचायत दिया के स्कूलो के छात्र छात्राए शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय के बच्चो के बीच खेल प्रतियोगिताए आयोजित कराई गई। जिसमें उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा प्रतिभागियों द्वारा अपने अपने खेलो का प्रदर्शन किया। उत्क्रष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरूष्कित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत दिया के सरपंच पूर्व फौजी राम शिरोमणि सिंह लोधी नें उपस्थित सभी छात्र छात्राओ से कहा कि पढाई के साथ साथ खेल प्रतियोगिता में आप लोग जरूर भाग लें, क्योकि खेलो से शरीर का सर्वागिण विकास होता है तथा खेल प्रतियोगिता से एकता की भावना विकसित होती है। इस दौरान तीनो ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव, स्थानीय शिक्षक, शिक्षिकाए ग्रामणिण जन तथा छात्र छात्राए उपस्थित रही।

# जनसुनवाई में 243 आवेदनों एवं 08 पुनरावृत्ति आवेदनों पर हुई जन-सुनवाई



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 21 जनवरी। जिले भर से आये नागरिकों ने आज जनसुनवाई में अपनी समस्याएं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के समक्ष रखी। कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा आज जनसुनवाई में नवाचार के तहत लगभग 200 एक पृष्ठीय निःशुल्क आवेदन तैयार किये गये। इस दौरान 08 पुनरावृत्ति आवेदन, सामान्य जनसुवाई में 243 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 40 आधार कार्ड, 06 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं 140 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा एक आवेदन आया था समग्र आइडी को लेकर के इश्यूस है आवेदक का कहना यह है की उनकी पत्नी और उनके बीच में अनबन रही और पत्नी मायके चली गई, उसके बाद पत्नी ने अपना समग्र आइडी अपने पिता के साथ जुड़वाकर और अपने पति को मृत घोषित कराकर विधवा पेंशन/कल्याणी पेंशन लेना प्रारंभ कर दिया है, यह गंभीर प्रकरण है तो इसकी समग्र आईडी वगैरह की सारी जानकारियां निकाली, यह पूरा का पूरा प्रकरण समग्र की जानकारी निकालने के बाद देखा गया कि यह मामला सागर जिले से सबंधित है, इसके लिए आज ही सागर जिला प्रशासन को पत्र लिखा जा रहा है की इसकी पूरी जाँच करके नियम संगत कार्वाई कराई जाये।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह और लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटैल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सेंट जॉन्स स्कूल दमोह ने अन्य संस्थाओं को हस्तांतरित किए 2 करोड़ 47 लाख रूपये को जिला समिति ने ठहराया अनुचित

दमोह 21 जनवरी। सेन्ट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जबलपुर नाका दमोह द्वारा सोसायटी, जगमाता स्कूल फाप्सी बालनगिर उड़ीसा एवं क्वीन मारीस स्कूल भोपाल को हस्तांतरित किए गए 02 करोड़ 47 लाख रूपये के संबंध में कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर द्वारा सूचना पत्र जारी उक्त संस्थाओं को किन नियमों के तहत इतनी बड़ी राशि हस्तांतरित की गयी, ये संस्थाएं कहां स्थित हैं आदि जानकारी चाही गयी थी।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिये गये उत्तर में यह लेख किया है कि सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 एवं आयकर अधिनियम 1961 अन्तर्गत ऐसा कोई विशेष प्रावधान अथवा नियम नहीं है, जो किसी चैरिटेबल ट्रस्ट को इसकी मूल सोसायटी या उसकी शाखाओं को राशि हस्तांतरित करने से रोकता हो परन्तु विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उक्त दोनों एक्ट/अधिनियम अन्तर्गत ऐसे किसी नियम का उल्लेख नहीं किया जो किसी चैरिटेबल ट्रस्ट/सोसायटी को उसकी मूल सोसायटी या उसकी शाखाओं को राशि हस्तांतरित करने की अनुमति प्रदान करता हो।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह उल्लेख किया गया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 08 सितम्बर 2017 को जारी किसी निर्णय में यह माना है कि निजी विद्यालय अपने ट्रस्ट/मूल सोसायटी अथवा उसकी शाखाओं को कुछ शर्तो के साथ शैक्षणिक उद्देश्य हेतु राशि हस्तांतरित कर सकता है परन्तु विद्यालय प्रबंधन द्वारा वर्णित सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के संबंध में ना तो याचिका क्रमांक का उल्लेख किया है और ना ही निर्णय की प्रति प्रस्तुत की है बल्कि स्वत: ही निर्णय की व्याख्या कर दी है जो कि औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा जगमाता स्कूल फाप्सी बालनगिर उड़ीसा एवं क्वीन मारीस स्कूल भोपाल के बैंक खाते क्रमांक एवं आई.एफ.एस.सी. तो उपलब्ध कराए गए परन्तु सोसायटी का बैंक खाता क्रमांक एवं आई.एफ.एस.सी. आदि उपलब्ध नहीं कराए गए।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जो राशि सोसायटी को हस्तांतरित की गयी वह सर्वाइट सिस्टर्स सोसायटी भोपाल को की गयी है अथवा किसी अन्य सोसायटी को की गयी है क्योकि सोसायटी संबंधी जानकारी अस्पष्ट एवं अपूर्ण रूप से प्रस्तुत की गयी है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया कि मूल सोसायटी एवं इसकी शाखाओं को उक्त राशि का हस्तांतरण पूर्ण रूप से शैक्षिक उद्देश्यों की उन्नति के लिए किया गया है जैसे कि भवन निर्माण/रख-रखाव, गरीब बच्चों की शिक्षा, कोविड के समय में विद्यालयों की सहायता करना।

यह भी सूचित किया गया कि फाप्सी स्कूल ग्रामीण क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चलाया जा रहा है जहां फीस संग्रह उक्त स्कूल के संचालन के लिए पर्याप्त नहीं है, परन्तु विद्यालय प्रबंधन द्वारा हस्तांतरित की गयी राशि को उक्त संस्थाओं द्वारा किस प्रकार एवं किन-किन कार्यों में उपयोग किया गया इससे संबंधित कोई संख्यात्मक एवं तथ्यात्मक ऑकड़े प्रस्तुत नहीं किए गए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा उल्लेखित समस्त संस्थाओं द्वारा प्रेषित दिनांकवार मांग पत्र, सम्पादित किए जाने वाले कार्यों एवं उन पर व्यय होने वाली प्राक्कलित राशि की सूची आदि की जानकारी प्रेषित उत्तर में शामिल नहीं की गयी है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया कि सेन्ट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल दमोह सर्वाइट सिस्टर्स सोसायटी भोपाल के द्वारा चलाया जा रहा है परन्तु विद्यालय प्रबंधन द्वारा एक अन्य सोसायटी के बायलॉज़ उत्तर के साथ प्रेषित किए गए हैं। कलेक्टर/अध्यक्ष जिला समिति दमोह द्वारा विद्यालय प्रबंधन को सूचना पत्र जारी पॉच दिवस के भीतर राशि हस्तांतरण की अनुमति प्रदान करने वाले सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 एवं आयकर अधिनियम 1961 के नियमों की प्रति, सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की प्रति, उल्लेखित समस्त सोसायटीज़ के बैंक विवरण, सोसायटी का विवरण जिसे राशि हस्तांतरित की गयी, सत्र 2016-17 से पूर्व सोसायटी/संस्थानों को हस्तांतरित की गयी समस्त राशियों का विवरण, हस्तांतरित की गयी राशि के व्यय का विवरण, अन्य संस्थाओ/सोसायटी द्वारा सेंट जॉन्स स्कूल दमोह को वापस की गयी राशि का विवरण एवं सर्वाइट सिस्टर्स सोसायटी भोपाल के बायलॉज़ की प्रमाणित प्रति आदि चाही गयी है। यदि चाही गयी जानकारी निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिये विद्यालय प्रबंधन स्वंय उत्तरदायी होगा।

# कलेक्टर श्री कोचर को ग्राम मारुताल की अंजली राजपूत ने किये रेजर और शापनर भेंट

दमोह 21 जनवरी। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को जिले के ग्राम मारुताल की अंजली राजपूत ने आज विद्यार्थियों के लिए वितरण करने के उद्देश्य से रेजर और शार्पनर भेंट किये। कलेक्टर श्री कोचर ने अंजली को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा इसी तरह का उद्देश्य हम सभी का होना चाहिए।



ज्ञातव्य है कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया था जन्म दिन या किसी अवसर पर मुझे कोई स्मृति चिन्ह देना ही चाहते हैं तो फिर कॉपी, किताबें, पेंसिल, रबर, शार्पनर आदि भेंट करे ताकि गरीब बच्चों के बीच बांटे जा सकें और उन गरीब बच्चों की पढ़ाई का सपना साकार हो सके।

## प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में वायुसेना अग्निवीर भर्ती उन्मुखी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 21 जनवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में वायुसेना अग्निवीर भर्ती का उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को भोपाल से आए अधिकारी श्री अमानुल्लाह ने वायुसेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी विस्तार से दी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ आलोक कुमार जैन, वरि?ठ प्रा?यापक डॉ. एम.के.जैन, सार्जेंट मधु जिला रोजगार अधिकारी श्री लाड़िया, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ के.एस. बामनिया, प्रभारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना डॉ. एन.आर. सुमन, डॉ जी पी अहिरवार, एन.एस.एस. अधिकारी डॉ जितेंद्र चौधरी, महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. के. के. कोरी, इरफान खान एवं महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स सहित छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनवाने में सभी का सहयोग अपेक्षित-कलेक्टर श्री कोचर

**-राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को**

**-जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में होगा आयोजित**



दमोह 21 जनवरी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशो के तहत पूर्व वर्ष के भांति इस वर्ष भी 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 का आयोजन प्रात: 11 बजे से शाम 05 बजे तक जिले की चारो विधानसभा 054-पथरिया, 055-दमोह, 056-जबेरा एवं 057-हटा के अंतर्गत आने वाले 1184-मतदान केन्द्रों पर आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम के दौरान समस्त बी.एल.ओ., मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे, मतदाताओ से नामावली में नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म-6, नाम निरसन के लिए फॉर्म-7 एवं किसी भी प्रकार के संशोधन/स्थानान्तरण हेतु फॉर्म-8 प्राप्त करेंगे तथा नवीन युवा मतदाताओं को इपिक वितरण की कार्यवाही कर उन्हें सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 का जिला स्तरीय कार्यक्रम इस वर्ष शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में प्रात: 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किया जायेगा, उक्त कार्यक्रम में स्थानीय स्तर के बीएलओ उपस्थित मतदाताओ से फॉर्म-6, 7, एवं 8 में आवेदन प्राप्त करेंगे। उन्होंने जिले के आम नागरिकों से आग्रह करते हुये कहा है जो नवीन भावी युवा 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे 25 जनवरी 2025 को जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त मतदान केन्द्रों पर/जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाये। जिनके नाम पूर्व से ही सूची में है तथा उनका मतदान केन्द्र या विधानसभा, जिला इत्यादि बदल गया हो, वे भी नवीन स्थल पर नाम जुड़वाने की कार्यवाही कर सकते है। उन्होंने कहा पुराने स्थान से नाम हटाने हेतु फार्म नं.-7 भरना होगा तथा जिनके नाम मतदाता सूची में पहले से है और वो किसी प्रकार का संशोधन करवाना चाहते हैं, तो उसके लिए फॉर्म नं.- 8 भरकर संशोधन की कार्यवाही कर सकते हैं। मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनवाने में सभी का सहयोग अपेक्षित हैं।

# नवागत जिलाधिकारी मथुरा की कार्यशैली ने जनता को किया प्रभावित, मथुरा में बदलाव की आस जगी



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा के नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह चार्ज ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में काम करते दिखाई दे रहे हैं, जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने मथुरा में पद ग्रहण करते ही जिस अंदाज में अपने दफ्तर से निकल कर मथुरा के मुख्यमार्गों का निरीक्षण किया साथ ही मथुरा में गौशालाओं का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए इससे लोग सकते में आ गए।

साथ ही मथुरा वृंदावन, गोवर्धन के मंदिरों की व्यवस्था का भी जायजा लिया, जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा 4 एसडीएम सहित तहसीलदारों को आदेश जारी कर कहा जो लोग जिला मुख्यालय पर आवास लेकर रह रहे है, वो तहसील मुख्यालय पर अपना आवास बनाए और वहीं रहें, जिलाधिकारी के इस कदम से विभागों में हड़कंप सा मच गया।

जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा गौ शालाओं का निरीक्षण कर सभी गौ शालाओं के निरीक्षण के लिए अधिनस्त अधिकारियों को भी आदेश दिया कि सभी अपने अपने इलाकों में बनी गौशालाओं का निरीक्षण करें, जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा गौशाला संचालकों को आदेश जारी किया कि गौ शालाओं में दिन में दो बार सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, गायों के चारे के रख रखाव की व्यवस्था को दिशानिर्देश दिए।

जिलाधिकारी सर्द रातों में सड़क पर निकल कर मथुरा में बने रैन बसेरा का भी निरीक्षण कर रहे है, जिलाधिकारी ने मथुरा के नए बस स्टैंड पर सर्दी से जनता को बचाव के लिए रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया, उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं और रेन बसेरे में उपस्थित जन समूह से वहां की सुख सुविधा का फीडबैक भी लिया जो खामियां उनको वहां दिखाई दी उसे जल्द दुरुस्त करने का आदेश दिया।

जिलाधिकारी सीपी सिंह ने जिला मुख्यालय पर रात्रि निवास करने वाले ग्रामीण अंचल पर तैनात अधिकारियों पर जिस प्रकार एक्शन लेते हुए उनके जिला मुख्यालय में आवंटित निवास स्थानों को निरस्त करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को आदेश जारी किए उस कार्यवाही से मथुरा की जनता को कुछ कुछ भरोसा होने लगा है कि अब मथुरा कुछ बदलाव हो सकता है।

मथुरा की जनता काफी लंबे समय से बदलाव की उम्मीद लगाए बैठी थी, मथुरा जनपद की जनता को लुभावने वादे बहुत सुनने को मिले पर धरातल पर मूलभूत सुविधाएं भी पूरी तरह नहीं मिल पाई, शहरी क्षेत्र में तो नगर आयुक्त और महापौर के झगड़े में मथुरा के 70 वार्डो की जनता पिस ही रही है, पर ग्रामीण अंचल में भी कोई खास सुविधाओं में बदलाव नहीं हुए, शहर में सड़कों की तस्वीर से लेकर साफ सफाई, और जाम का झाम लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है, मथुरा वृंदावन के शहरी इलाके में बंदरो की समस्या हो या यमुना में गिरते नाले इनको रोकने में अभी तक का प्रशासनिक अमला नाकाम रहा है, मथुरा की जनता की नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह की धमाकेदार एंट्री को देख कर कुछ मूलभूत समस्याओं में सुधार की उम्मीद जगी है, देखने वाली बात यह है कि नवागत जिलाधिकारी का जोश अपने कार्य में कितने दिन रहता है या केवल मथुरा की भोलीभाली जनता को उसकी उम्मीदों का परिणाम दिखाई देता है।

## नगर निगम की अतिक्रमण की कार्यवाही सिर्फ व्यापारियों के उत्पीड़न के लिए बाकी शहर मै हो रहे अतिक्रमण पर आंख बंद

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा वृन्दावन नगर निगम समय समय पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाता शहर मै दिखाई देता है, पर हकीकत मै उसका असर दिखाई नहीं देता ,




मथुरा वृन्दावन नगर निगम की अतिक्रमण अभियान पर शहरी क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा आए दिन सवाल खड़े किए जाते रहे है कि नगर निगम को ईमानदारी से व्यापार करने वाले व्यापारियों का छोटा सा अतिक्रमण दिखाई दे जाता है पर मथुरा के सौख अड्डे पर गैराज मैकेनिकों द्वारा सड़क को दोनों और बाधित कर सारे काम सड़क पर किए जा रहे है वह दिखाई नहीं देता साथ ही मथुरा के मंडी चौराहे पर सड़क किनारे फुटपाथ को घेर कर दुकान लगाई जा रही है वो किस नियम के तहत सड़क पर लगी है साथ ही व्यापारियों द्वारा मथुरा के गोवर्धन चौराहे के निकट सड़क फुटपाथ पर छोटे छोटे ठेला लगाकर फास्ट फूड सेंटर चल रहे है उन पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है तथाकथित लोगों द्वारा नगर निगम कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि उनकी सह पर शहर मै लगातार सड़कों पर अतिक्रमण किया जा रहा है।

## नगर आयुक्त ने किया जयसिंहपुरा में निरीक्षण, लोगों से की बात

### –सड़क किनारे मिला डलाबघर, हटाने के दिये निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने वार्ड 36 जयसिंह पुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के क्षेत्रीय पार्षद राजेश भाटिया एवं सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्ड में निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी गयी समस्याओं को नगर आयुक्त को अवगत कराया गया। नगर आयुक्त द्वारा वार्ड में साफ सफाई, सड़क मार्ग, जल निकासी, पेयजलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया। वार्ड में नाला निर्माण की आवश्यकता देखी गई। जिसके संबंध में मुख्य अभियंता सिविल को नाला निर्माण के लिए आंगणन तैयार करते हुए कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में एक स्थान पर डलाव घर सड़क किनारे पाया गया। समस्त डलाव घरों को व्यवस्थित किये जाने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही डलाव घरों को टीन से कवर्ड कराए जाने के लिए भी निर्देश दिए गए। वार्ड में समुचित सफाई व्यवस्था रखे जाने एवं निर्मित नालियों की सफाई कराने हेतु सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त परिक्रमा मार्ग में विशेष सफाई व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, अमरेन्द्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता, डा. गोपाल बाबू गर्ग नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मौ. अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल प्रभारी प्रकाश, शैलेश कुमार अवर अभियन्ता (वि. यां.), राकेश कुमार राजपूत सफाई निरीक्षक उपस्थित थे।



# आरटीआई एक्टिविस्ट व पत्रकार ने की जानमाल की सुरक्षा की मांग

## –मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश शासन व पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों को भेजा प्रार्थना पत्र

## –ईमेल से भेजे शिकायती पत्र में जताया भूमाफ़ियायों व भूमाफ़ियायों से जानमाल का खतरा

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा शहर के कृष्णा नगर निवासी पत्रकार एवं आरटीआई एक्टिविस्ट बालकृष्ण अग्रवाल द्वारा मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अलावा उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक, अपर महानिदेशक (पुलिस) आगरा, उप महानिरीक्षक (पुलिस) आगरा और एसएसपी मथुरा को ईमेल से भेजे पत्र के माध्यम से भूमाफियाओं व भ्रष्टाचारियों द्वारा झूठे मुकदमों में फँसाये जाने की आशंका जताते हुए अपनी व अपने परिवारजनों की आत्म रक्षा व जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई गई है ।



पत्रकार एवं आरटीआई एक्टिविस्ट बालकृष्ण अग्रवाल ने ईमेल के माध्यम से प्रेषित पत्र में कहा है कि वह लखनऊ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र चेतना के जिला ब्यूरो चीफ व लोकतंत्र का आगाज़ वेबन्यूज समाचार पोर्टल के चीफ एडीटर के रूप में कार्य करते हुए एक सम्भ्रान्त नागरिक के रूप में अपना व परिवार का भरण पोषण व जीवन यापन करता है, करीबन दो दशक से भी अधिक समय से पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़ा होने के साथ ही आरटीआई एक्टिविस्ट के रूप में कार्य करने वाला शांत स्वभाव वाला नागरिक है ।

उन्होंने पत्र में बताया है कि वह जनपद मथुरा में भूमाफियाओं व सरकारी विभागों और समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं घोटालों को लेकर अपने समाचार पत्र में अपनी स्पष्ट लेखनी से समाचार प्रकाशन करने व आरटीआई के माध्यम से राजफाश करने के साथ ही साक्ष्य सहित दस्तावेजों के साथ शासन एवं प्रशासन को अवगत कराते समाज विरोधियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने व आवाज उठाने का प्रयास करता रहता है जिसके परिणामस्वरूप कई भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्यवाही भी हो चुकीं हैं जिसकी बजह से प्रार्थी व प्रार्थी के परिवारजनों को विगत कुछ दिनों से समाज विरोधी एवं भूमाफियाओं द्वारा किसी भी झूठे मुकदमों में फंसाने के साथ ही जानमाल का खतरा बना हुआ है, वहीं गत कुछ समय पहले भी प्रार्थी को कानून का उल्लंघन करने वाले कुछ समाज विरोधियों व भूमाफियाओं से धमकियां भी दी जा चुकी हैं ।

वहीं उन्होंने बताया है कि उनके द्वारा मथुरा शहर के आवासीय क्षेत्र डेम्पियर नगर में माननीय उच्च न्यायालय व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा व्यावसायिक निर्माण हेतु दर्जनों मानचित्रों की स्वीकृति दिये जाने के खिलाफ भी माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दो रिट याचिका संख्या 20123/2024 बालकृष्ण अग्रवाल बनाम उत्तर प्रदेश सरकार आदि व याचिका संख्या 24818/2024 बालकृष्ण अग्रवाल बनाम उत्तर प्रदेश सरकार आदि के अलावा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में CAPL 7952/2024 व 39547/2024 एवं 40653/2024 के साथ ही शहर मथुरा के कृष्णा नगर आदि सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों में चल रहे अवैध निर्माणों की सम्बंधित विभागों में शिकायत करने के अलावा उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग लखनऊ में कई वाद/प्रकरण लम्बित चलने एवं माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यालय के साथ ही मुख्य सचिव महोदय उत्तर प्रदेश शासन, प्रमुख सचिव महोदय आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के अलावा मण्डलायुक्त महोदय आगरा मण्डल आगरा, जिलाधिकारी महोदय जनपद मथुरा व उपाध्यक्ष महोदय मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण आदि के समक्ष कई शिकायती पत्र विचाराधीन व लम्बित चल रहे हैं जिनकी वजह से प्रार्थी व प्रार्थी के परिवारजनों को अवैध निर्माणकर्ताओं व भूमाफ़ियायों द्वारा हर समय किसी भी झूठे मुकदमों में फंसाने व जानमाल का खतरा मंडराता रहता है ।

पत्रकार व आरटीआई एक्टिविस्ट एवं पत्रकार प्रेस परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव बालकृष्ण अग्रवाल ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही पुलिस महानिदेशक, मुख्य सचिव, गृह सचिव एवं अन्य पुलिस प्रशासन के सभी जिम्मेदारानों से ईमेल के माध्यम से प्रेषित पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि उनके उपरोक्त प्रकरण को गम्भीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए प्रार्थी की ओर से भारतीय न्याय संहिता 2023 व पत्रकार सुरक्षा अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 08 मार्च 2016 को जारी शासनादेश संख्या 1/216/ आर0टी0आई0–238/6–पु0–15–2016 का संज्ञान लेते हुए अग्रिम सूचना दर्ज कराने एवं प्रार्थी व प्रार्थी के परिवारजनों को आत्म सम्मान व जानमाल की सुरक्षा प्रदान कराने के साथ ही नियमानुसार विधिक/समुचित कार्यवाही क्रियान्वित कराये जाने की महती कृपया करें,







मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321